हरिभूमि रायपुर भूमि



## इंतहा हो गई इंतजार की...
# कचना फ्लाईओवर पूरा पर डामर ने फंसाया पेंच

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कचना फ्लाईओवर का लंबे समय से सबको बेताबी से इंतजार है। इसके प्रारंभ होने से हजारों लोगों को रेलवे क्रॉसिंग में रोज के जाम में फंसने से राहत मिलेगी। यह फ्लाईओवर पूरा हो गया है, लेकिन अब महज डामर के कारण फंस गया है। ठेकेदार ने तो डामर के लिए भारत पेट्रोलियम को एडवांस में पैसा भी दे दिया है, लेकिन कंपनी अब नई कीमत पर पैसे मांग रही है। ऐसे में तय है कि अब फ्लाईओवर अपने तय समय मई से प्रारंभ नहीं हो सकेगा।

अमेरिका, इजरायल, ईरान युद्ध के कारण देशभर में डामर की सप्लाई प्रभावित हो गई है। इसके दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में डामर बनाने वाली कंपनियां सप्लाई करने से कतरा रही हैं। डामर की कमी के कारण देशभर में जहां चार से पांच लाख करोड़ की सड़कें नहीं बन पा रहीं, वहीं अपने प्रदेश में भी ▶▶| शेष पेज 5 पर

### ठेकेदार खड़े कर रहे हाथ

*प्रदेश में लोक निर्माण विभाग ने कुछ समय पहले ही करीब 15 सौ किलोमीटर की सड़कों के लिए तीन हजार करोड़ का टेंडर अलग-अलग फाइनल किया है। लेकिन डामर और अन्य मटेरियल के दाम जिस तरह से लगातार बढ़ रहे हैं, उसके बाद से इन सड़कों का काम लेने वाले ठेकेदारों से तय किया है कि अब वे अपने ठेके के हिस्से का काम नहीं करेंगे। कुछ ठेकेदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया जब विभाग अनुबंध के लिए बुलाएगा तो अनुबंध नहीं करेंगे। भले सुरक्षा निधि के कुछ लाख जब्त हो जाएंगे, लेकिन ठेका लेकर कौन दो चार लाख की सुरक्षा निधि के लिए करोड़ों का नुकसान करेगा।*

### पैसे लेने के बाद भी कंपनी नहीं दे रही डामर

*कचना फ्लाईओवर में महज डामरीकरण का काम बचा है। भारत पेट्रोलियम कंपनी डेढ़ करोड़ रुपए एडवांस लेने के बाद डामर की सप्लाई नहीं कर रही है। ऐसे में काम तय समय पर पूरा होना संभव नहीं है।*

*- के. चंद्रशेखर राव, ठेकेदार*

## खबर संक्षेप

### लोन दिलाने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** लोन दिलाने के नाम पर 27.50 लाख रुपए ठगी करने के आरोपी को पंडरी थाने की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। कृष्णा राव की शिकायत पर पुलिस ने विधानसभा निवासी होरीलाल पंकज को गिरफ्तार किया है। एक अन्य की पुलिस पतासाजी कर रही है। कृष्णा राव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि होरीलाल तथा उसका साथी उसे बैंक से लोन दिलाने का झांसा देकर दस्तावेज हासिल कर लिया और अलग-अलग बैंकों से कृष्णा राव के नाम से लोन निकालकर ठगी का शिकार बनाया।

### वारंटियों के खिलाफ अभियान, 53 जेल भेजे गए

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के पश्चिम जोन के थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर 53 वारंटियों की पतासाजी कर उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया है। वारंटियों के खिलाफ पुरानी बस्ती, डीडी नगर, आमानाका, आजाद चौक, सरस्वती नगर, कबीर नगर, न्यू राजेन्द्र नगर, टिकरापारा एवं मुजगहन क्षेत्र में 22 स्थायी वारंट एवं 31 गिरफ्तारी वारंट तामिल की गई। डीसीपी संदीप कुमार पटेल ने वारंटियों के विरुद्ध इस प्रकार का अभियान आगे भी निरंतर जारी रखने की बात कही।

### लाखों रुपए के मोटर पार्ट्स चोरी कर बिक्री, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई थाने की पुलिस ने लाखों रुपए के मोटर पार्ट्स चोरी कर बिक्री करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। रामा मोटोकार्प के मैनेजर अंकुर जिंदल की शिकायत पर पुलिस ने उत्कर्ष मंडल तथा कुलदीप साहू को गिरफ्तार किया है। इनके अन्य साथी हर्ष साहू, चेतन साहू, लक्ष्ण साहू की पुलिस पतासाजी कर रही है। गिरफ्तार तथा फरार आरोपी रामा मोटोकार्प में काम करते थे। आरोपियों ने वर्ष 2025 से अप्रैल 2026 के बीच सात लाख रुपए कीमत के मोटर पार्ट्स चोरी कर बेचा है।

### मारपीट के आरोप में आदतन बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला थाने की पुलिस ने महिला की शिकायत पर मारपीट के आरोप में एक आदतन बदमाश को गिरफ्तार किया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने शंकर धृतलहरे को गिरफ्तार किया है। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि डेढ़ माह पूर्व उसकी किराना दुकान के सामने शंकर तथा उसके अन्य साथी गाली-गलौज कर रहे थे। महिला के पिता द्वारा गाली-गलौज करने से मना करने पर बदमाशों ने महिला के पिता की बुरी तरह से लाठी-डंडों से पिटाई कर दी और मौके से फरार हो गए थे।

## बिना डाक्टर पर्ची के बिक्री पर रोक
# वजन कम करने वाली दवा जांच के दायरे में
### सीडीएससीओ के निर्देश पर एफडीए ने दवा कारोबारियों को जारी किया सर्कुलर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्लिम अथवा फिट दिखने के चक्कर में लोग एलोपैथी दवाओं का भी उपयोग कर रहे हैं। इस तरह की जानकारियों के बाद सीडीएससीओ के निर्देश पर जीएलपी-1 आधारित यानी वजन और भूख कम करने वाली दवाओं को जांच के दायरे में लाया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने इस बारे में तमाम दवा कारोबारियों को सर्कुलर जारी किया है कि बिना चिकित्सकीय पर्ची के इसकी बिक्री नहीं की जाए। इसके साथ ही संबंधित दवाओं के स्टॉक और खपत संबंधी जानकारी भी नियमित रूप से रखी जाए।

जानकारी के मुताबिक जीएलपी-1 आधारित मधुमेह और वजन ▶▶| शेष पेज 5 पर

### हार्ट पर पड़ सकता है असर

वजन कम करने वाली इस दवा का अनावश्यक उपयोग किडनी, लिवर के साथ हृदय को भी प्रभावित कर सकता है। खाना कम खाने की वजह से आवश्यक पोषक तत्वों की कमी से शरीर कमजोर हो सकता है, जिसका साइड इफेक्ट शरीर के अन्य अंगों के साथ हार्ट पर भी हो सकता है।

**- डा. कृष्णकांत साहू,** कार्डियक एंड थोरेसिक सर्जन

### निगरानी की जा रही

जारी निर्देश के आधार पर तमाम औषधि निरीक्षकों को संबंधित दवाओं की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ दवा व्यापारियों को तय गाइडलाइन का पालन करने निर्देशित किया गया है।

**- बीआर साहू,** स्टेट अथॉरिटी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन

### तेजी से बढ़ी उपलब्धता

सूत्रों के अनुसार इन दवाओं के कई जेनेरिक वर्जन बाजार में आ गए हैं, जिसके बाद इनकी उपलब्धता तेजी से बढ़ी है। दवाएं रिटेल मेडिकल स्टोर्स, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, होलसेलर्स और यहां तक कि वेलनेस क्लीनिक्स में भी आसानी से मिलने लगी हैं। चेतावनी दी है कि बिना डॉक्टर की निगरानी के इनका इस्तेमाल गंभीर साइड इफेक्ट्स और स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है।

## लभांडी में एक ही जगह 30 हजार पौधे रोपित करने का दावा
# 4 करोड़ खर्च कर लगाए 30000 पौधे, सालभर में बचे सिर्फ 5 प्रतिशत, 95 फीसदी सूखे

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के उद्यानिकी विभाग में पौधारोपण के नाम पर गड़बड़झाला हुआ है। 4 करोड़ खर्च कर लभांडी में एक ही जगह 30 हजार पौधे रोपित करने का दावा विभाग के अधिकारियों ने किया। बताई गई जगह पर 1 साल बाद मात्र 1500 पौधे जीवित मिले, बाकी के 95 फीसदी पौधे कहां गए, इसका जवाब विभागीय अधिकारियों के पास नहीं है। विभाग के एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू ने इस संबंध में संबंधित इंजीनियर और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से जानकारी मांगी है, सोमवार को वस्तुस्थिति देखने वे स्थल पर जाएंगे। विदित हो कि नगर निगम ने उद्यानिकी विभाग ने रायपुर की एजेंसी को इस कार्य के लिए पूर्व में ठेका दिया।

रायपुर नगर निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग में पौधारोपण को लेकर गड़बड़ी सामने आई है। पूर्ववती कांग्रेस शासन काल में उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने टेंडर कर रायपुर की एजेंसी को पौधारोपण का जिम्मा दिया। इसमें लभांडी में एक ही जगह 30 हजार पौधे लगाने का दावा किया गया। विभाग की समीक्षा बैठक में एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू ने पौधारोपण की जानकारी मांगी, तब विभागीय अधिकारियों से उन्हें यह जानकारी दी। जब वे निरीक्षण करने पहुंचे, तो वहां करीब 1500 पौधे दिखाई दिए। इस बात से बिफरे संबंधित एमआईसी सदस्य ने निगम आयुक्त विश्वदीप से मिलकर पत्र देकर अवगत कराया कि पौधारोपण की गलत जानकारी दी गई है, सही आंकलन करें।

## विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू ने निगम के अधिकारियों को किया तलब
### निगम के उद्यानिकी विभाग में पौधारोपण घोटाला

### जिम्मेदारी से बच नहीं सकते अधिकारी

30 हजार लगाए गए पौधे आखिर कहां गए? निगम के पर्यावरण एवं विभाग के तत्कालीन अधिकारी जो इस काम को देखते थे, उन्हें बताना पड़ेगा कि अनुबंधित एजेंसी के काम की निगरानी क्यों नहीं हुई? 4 करोड़ रुपए की जिम्मेदारी से विभाग के अधिकारी बच नहीं सकते, अनुबंधित एजेंसी भी पूछताछ करेंगे।

**- मीनल चौबे**
महापौर, नगर निगम रायपुर





### अधिकारियों से मंगाई फाइल सोमवार को स्पॉट पर जाएंगे

लभांडी में 30 हजार पौधारोपण को लेकर बरती गई अनियमिता को लेकर महापौर मीनल चौबे से भी शिकायत की गई है। एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू ने बताया कि उन्होंने पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अधिकारी और प्रोजेक्ट के तत्कालीन सब इंजीनियर से फाइल मंगाई है। सोमवार को उन्हें गांधी सदन में बुलाया है, जहां से वे उनके साथ लभांडी के स्पॉट में जाकर पौधारोपण की वस्तुस्थिति की धरातल पर जानकारी लेंगे। 4 करोड़ खर्च कर लगाए गए पौधों की सुरक्षा में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी।

### पीएम आवासीय परिसर पौधारोपण
### देखरेख में कोताही मर गए कई पौधे

लभांडी स्थित पीएम आवासीय परिसर में जिस जगह पर उद्यान विभाग के तत्कालीन सब इंजीनियर और पर्यावरण व उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने 30 हजार पौधा लगाने का दावा किया, उस जगह पर दोबारा पौधों की देखरेख व निगरानी में कोताही बरती गई। सूत्रों के मुताबिक ठेका एजेंसी ने शुरूआत के कुछ माह में दिहाड़ी पर महिला मजदूर रखकर पौधों की देखरेख और सिंचाई करने की व्यवस्था की। पर बाद में इन पौधों की देखरेख में लापरवाही बरती गई। इसके चलते तेज धूप में बिना पानी के हजारों पौधे सूखकर मर गए। इसके बाद भी निगम प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

## करोड़ों के घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई
# निगम के 4 अधिकारी निलंबित, आयुक्त ने कहा- विभागीय और विधिक जांच होगी

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम में 100 करोड़ से ज्यादा की गड़बड़ी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए निगम आयुक्त विश्वदीप ने 4 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। नगर निगम जोन 10 के कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड का मामला है, जिसमें बोरियाखुर्द और आसपास के इलाकों में अवैध प्लाटिंग कर ले आउट पास कराए गए थे। जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे और तीन इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर ▶▶| शेष पेज 5 पर

### जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे सहित तीन इंजीनियर सस्पेंड




### विभागीय जांच होगी: आयुक्त

निगम आयुक्त विश्वदीप ने कहा है कि सस्पेंड आदेश के बाद अब इन चारों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच भी होगी। जांच में दोषी पाए जाने पर इनके खिलाफ विधिक कार्रवाई के साथ ही वेतन वृद्धि पर रोक लगाई जाएगी।

### गंभीर मामला जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो: ढेबर

पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने जोन 10 ले आउट दस्तावेज मामले को गंभीर मामला



बताते हुए चार बिंदुओं पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पूरे प्रकरण का सबसे गंभीर पहलू यह है कि संबंधित फाइलें और ले आउट दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। एक शासकीय व्यवस्था में फाइलों का इस तरह गायब होना सामान्य बात नहीं हो सकती। यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि संदेह की स्थिति उत्पन्न करता है कि कहीं न कहीं सच्चाई को छिपाने का प्रयास किया गया है। दूसरी बात वे महापौर और ▶▶| शेष पेज 5 पर

### टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के दोषी अधिकारियों पर भी हो कार्रवाई : आकाश

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कहा है निगम के अधिकारियों पर कार्रवाई के साथ टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के दोषी अधिकारियों पर आखिर कब कार्रवाई होगी? इन अधिकारियों के साथ बीच में बिचौलिए और दलाल सक्रिय हैं, उन पर क्या एक्शन होगा?

# देशभर के कई राज्यों में फैला था यू-ट्यूब इंफ्लुएंसर बाबू खेमानी के सट्टा का नेटवर्क
### ऑनलाइन सट्टा सिंडिकेट का बाबू खेमानी बड़ा खिलाड़ी

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोशल मीडिया पर लग्जरी लाइफस्टाइल, फारेन टूर और महंगी कारों के जरिये खुद को सफल इंफ्लुएंसर के रूप में पेश करने वाला बाबू खेमानी आनलाइन सट्टा सिंडिकेट का मास्टरमाइंड है। रायपुर पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि उसका नेटवर्क सिर्फ रायपुर तक सीमित नहीं था, बल्कि मुंबई, गोवा समेत देश के कई हिस्सों में फैला हुआ था।

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि बाबू खेमानी, जिसका असली नाम गुलशन खेमानी है, अपने आपको सट्टा किंग समझने वाला बाबू खेमानी मल्टी-लेयर नेटवर्क तैयार कर सट्टा संचालित कर रहा था। पूछताछ में दुबई कनेक्शन आने के बाद बाबू ▶▶| शेष पेज 5 पर




### करीबी से ब्लैकमेल कर वसूली

पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि बाबू खेमानी ने अपने किसी करीबी रिश्तेदार को ऑनलाइन सट्टा गेम में तगड़ा मुनाफा मिलने का झांसा देकर क्रिकेट में सट्टा लगवाया। हारने के बाद पैसा नहीं मिलने पर खेमानी ने अपने उस रिश्तेदार को ब्लैकमेल कर सात करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि वसूली।

### प्लेटफार्म बदला, लेकिन धंधा जारी

खेमानी ने शुरुआती दौर में 'मेटो', 'कलर 777' और 'क्लासिक एक्स 99' जैसे बैटिंग एप के जरिये सट्टा कारोबार शुरू किया। इन प्लेटफार्म पर यूजर्स की आईडी बनाकर मैच के दौरान सट्टा लगवाया जाता था। साल 2023 में पुलिस की सख्ती के बाद इन सबको बंद कर दिया, लेकिन यह सिर्फ अस्थायी था। इसके बाद खेमानी और उसके साथियों ने नए नामों से दोबारा नेटवर्क खड़ा कर लिया।

### ऐसे संचालित होता था तीन लेयर में सट्टा

#### पहला लेयर

- इंफ्लुएंसर इमेज से सट्टे की शुरुआत
- बाबू खेमानी इंटरनेट मीडिया पर पहले से एक्टिव था और उसकी अच्छी-खासी फालोइंग थी।
- इस फालोइंग को उसने सिर्फ लाइक्स-व्यूज तक सीमित नहीं रखा।
- इसे सुनियोजित तरीके से 'टारगेटेड नेटवर्क' में बदल दिया।
- इंस्टाग्राम और अन्य प्लेटफार्म पर एक्टिव रहकर उसने अपनी एक 'हाइ-प्रोफाइल इमेज' बनाई।
- फालोअर्स के साथ पर्सनल कनेक्शन बनाने की कोशिश की।
- धीरे-धीरे भरोसा कायम किया।
- इसके बाद उसने इसी भरोसे का इस्तेमाल किया।
- हाई-प्रोफाइल और पैसे वाले लोगों को अलग से टारगेट किया।
- उन्हें सट्टा खेलने के लिए उकसाया।

#### दूसरा लेयर

- रायपुर से बाहर शिफ्ट हुआ आपरेशन।
- पुलिस का दबाव बढ़ने पर बाबू खेमानी और नेटवर्क ने रणनीति बदली। ▶▶| शेष पेज 5 पर


"ॐ जमदग्न्याय विद्महे महावीराय धीमहितन्नः परशुरामः प्रचोदयात्॥"
त्रेतायुग में भृगु कुल के,
घर मैं होया उजाला।
शुक्ल पक्ष की बैशाख तीज नै,
जनम्या फरसे आला।।
समस्त विप्र बन्धुओं को
भगवान परशुराम जी
जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रदेशवासियों को राजराजेश्वर भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं...
सुशील आनंद शुक्ला
संचार प्रमुख
छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी
समस्त प्रदेशवासियों को
भगवान विष्णु के छठे अवतार
भगवान परशुराम
जन्मोत्सव
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
परम पूज्य
राजू झा
पं. शीबु शुक्ला
अध्यक्ष
सर्वब्राम्हण कल्याण समाज (छ.ग.)
मो. 9754833358
भगवान परशुराम जी
के जन्मोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती सुमन अशोक पाण्डेय
पार्षद-ठाकुर प्यारेलाल वार्ड क्रमांक 39
नगर पालिक निगम, रायपुर
अशोक पाण्डेय
पूर्व जिला अध्यक्ष, भाजपा रायपुर शहर
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा छ.ग.
ॐ श्री परशुरामावताराय नमः
समस्त प्रदेश वासियों को
भगवान परशुराम
जन्मोत्सव की
हार्दिक बधाई...
"अहंकार का अंत निश्चित है,
पर सत्य अमर है।"
अंजिनेश अंजय शुक्ला
(उच्च न्यायालय अधिवक्ता)
प्रदेश पदाधिकारी भारतीय जनता युवा मोर्चा (छ.ग.)
समस्त प्रदेश वासियों को
भगवान परशुराम
जन्मोत्सव की
हार्दिक बधाई...
परशुराम है प्रतीक प्यार का,
राम है प्रतीक सत्य सनातन का
इस प्रकार परशुराम का अर्थ है
पराक्रम के कारक और सत्य के धारक,
जय श्री
परशुराम
ललित मिश्रा
अध्यक्ष
छतीसगढ़ सर्व ब्राह्मण समाज
कमल भारद्वाज
संपादक - आजाद छतीसगढ़ समाचार पत्र
संस्थापक - सर्वधर्म सेना (छ.ग.)
राजराजेश्वर भगवान
परशुराम
जन्मोत्सव की
सभी विप्र बंधुओं को
हार्दिक शुभकामनाएँ...
पं. अमृतलाल बिलथरे
संरक्षक, छ.ग. सनाढ्य ब्राह्मण महासभा
सीए संजय बिलथरे
पूर्व अध्यक्ष - आयकर बार एसोसिएशन रायपुर
पूर्व चेयरमैन - CA ब्रांच रायपुर
सात्विक शिव बिलथरे
शास्त्र और शस्त्र की
आराधना का महापर्व
भगवान
परशुराम जयंती
एवं
अक्षय तृतीया
की हार्दिक शुभकामनाएं...
AdPRAYAS
निखिल तिवारी
नवल तिवारी
भगवान विष्णु के छठे अवतार
धर्म व नीति की प्रीतिमूर्ति
भगवान परशुराम
जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
त्रेतायुग में भृगु कुल के,
घर मैं होया उजाला।
शुक्ल पक्ष की बैशाख तीज नै,
जनम्या फरसे आला।।
दिवाकर तिवारी
प्रदेशाध्यक्ष - छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज
केन्द्रीय समिति छतीसगढ
भगवान
परशुराम जी
के जन्मोत्सव
एवं अक्षय तृतीया
की हार्दिक
शुभकामनाएं...
चंद्रशेखर शुक्ला
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य-भारतीय जनता पार्टी (छ.ग.)
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-भारतीय किसान यूनियन (शक्ति)
अधि.आलोक पाण्डेय
राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष-नेशनल स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया
प्रदेश अध्यक्ष-अखिल भारतीय हिंदू परिषद छत्तीसगढ़
प्रदेश मिडिया सह प्रभारी विधि प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी
विनीत
निशांत शर्मा
जितेश शर्मा
गगन पांडे
Khanna
राज राजेशवर
भगवान परशुराम जी
के जन्मोत्सव एवं
अक्षय तृतीया की
हार्दिक शुभकामनाएं...
सुरेश मिश्रा
अध्यक्ष
कान्यकुब्ज सभा शिक्षा आशीर्वाद भवन रायपुर,
राष्ट्रीय महासचिव
वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन, छ.ग. प्रदेश
उपाध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन
छत्तीसगढ़ उपाध्यक्ष रिटायर्ड
इंकमटैक्स कर्मचारी/अधिकारी संगठन
प्रवक्ता, सीनियर सिटीजन फोरम, रायपुर
महासचिव ऑल इंडिया ब्राह्मण फेडरेशन छत्तीसगढ़



'अक्षय तृतीया पर होने वाले वैवाहिक समारोह को यादगार बनाने के लिए लोग डेढ़ लाख से 20 लाख तक खर्च करने लगे हैं। समारोह के बीच गीत-संगीत के लिए दिल्ली और मुंबई से बैंड ग्रुप भी बुलाने का चलन बढ़ा है। हाईप्रोफॉइल शादियों में स्टेज को एलईडी लाइट्स से सराबोर करने के साथ ही हैवी फायरवर्क का भी क्रेज है। दूसरी तरफ बाजारों में वैवाहिक आयोजन में उपयोग की जाने वाली सामग्री की पूछपरख होने से गोलबाजार सहित प्रमुख मार्केट में रौनक भी बढ़ गई है। बुके देने का चलन शादियों में बढ़ने से फूलों के बाजार गुलजार होने लगे हैं।'

# हाईप्रोफाइल शादियों में स्टेज पर दिल्ली और मुंबई के बैंड ग्रुप का क्रेज, सराफा बाजार में भी बढ़ी रौनक

## अक्षय तृतीया पर वैवाहिक उत्सव को यादगार बनाने इवेंट प्लानर्स दे रहे हैं विकल्प

**रायपुर।** वेडिंग इवेंट प्लानर रौनक जैन और रोहित ने बताया कि समय के साथ ही शादियों को खास बनाने का चलन भी बढ़ने लगा है।अब लोग थीम बेस्ड स्टेज सजवाने के साथ लाइटिंग पर ज्यादा फोकस करते हैं। वरमाला, संगीत संध्या के लिए लोग मुंहमागी कीमत देने को तैयार हैं। संगीत संध्या, वरमाला और शादी समारोह स्थल को भी थीम वेस्ड करने के लिए 10 से 20 लाख तक खर्च करते हैं। स्थानीय बैंड ग्रुप की जगह दिल्ली और मुंबई से म्युजिकल ग्रुप बुलवाने लगे हैं, ताकि मेहमानों को वैवाहिक समारोह के दौरान गीत व संगीत का लुत्फ उठाने का अवसर दिया जा सके। इसके लिए लोगों ने इस वेडिंग सीजन में भी 19 एवं 20 अप्रैल के लिए आर्डर किया है। इस बार एलईडी लाइटिंग और हैवी फायरवर्क बेस्ड मंच को सजवाने में लोग रुचि ले रहे हैं। पुराने ट्रेड को अब भूलने लगे हैं।





### दिनभर बाजार में गुड्डे-गुड़िया की खरीदी

अक्ती त्योहार से पहले ही बाजार में रौनक देखने को मिली, जहां बच्चे उत्साह से परिजनों को लेकर खरीदी करते नजर आए। वहीं पुरानी बस्ती स्थित दुकान संचालक किरण साहू ने बताया कि दुकान में मऊर, कलश, दीपक, मिट्टी से तैयार गुड्डे-गुड़िया सजाए गए हैं। इस वर्ष प्रतिमाओं को आकर्षक ढंग से सजाने के लिए चमकीले रंग वाले मुकुट भी बाजार में लाए गए हैं, जो बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इसकी कीमत 50 रुपए से 120 रुपए जोड़ी तय की गई है। गुड्डे-गुड़िया भी 120 से 300 रुपए तक जोड़ी में बेच रहे हैं।



### पूजा और मंडप सामग्री की करा रहे पैकेजिंग

पारंपरिक रस्मों-रिवाज से होने वाली शादियों में रेडिमेड बांस का सूपा, पर्रा, टोकनी, तोरण, कटार, रंगबिरंगे पंखे, सितारों से बने दूल्हा और दुल्हन के लिए मोर-मुकुट पैकिंग का हिस्सा है। अरविंद जैन ने बताया कि अक्षय तृतीया, भगवान परशुराम जयंती के चलते बाजार में रौनक बढ़ी है। बच्चों द्वारा निभाई जाने वाली परंपरा के लिए 100 से 250 रुपए तक की सामग्री उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं बेटे-बेटियों की शादी के लिए खरीदी करने पहुंचने वालों को 1700 से 2500 तक की पूजा और मंडप सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

### आर्य समाज मंदिर में होगी 15 जोड़े की शादी

अक्षय तृतीया पर 19 एवं 20 अप्रैल को इस बार भी लोग शादी के पवित्र बंधन में बंधने के लिए आर्य समाज मंदिरों में पहुंचने वाले हैं। इस बार दो दिनों में 15 जोड़े ने विवाह के लिए पंजीयन कराया है। आचार्य अंकित शर्मा शास्त्री ने बताया कि लोग भारी खर्च की मार से बचने के लिए पंजीयन कराते हैं। इसमें माता-पिता के साथ ही कुछ रिश्तेदार ही इस समारोह में सहभागी होते हैं। इससे आर्य मंदिर में सामान्य दिनों की अपेक्षा दो दिन ज्यादा चहल-पहल रहने वाली है। इसे देखते हुए व्यवस्थागत तैयारी समाज द्वारा की गई है।

### धुमाल और डीजे सहित सभी भवन बुक

मारुति मंगलम, निरंजन धर्मशाला सहित अधिकांश प्राइवेट मैरिज हॉल 19 और 20 अप्रैल के लिए पहले से बुक किए गए हैं। धुमाल और डीजे के व्यावसाय से जुड़े गुलशन यादव ने बताया कि इस दिन सभी टोलियों के पास काम है। वहीं निगम के सभी भवनों को लोगों ने बुक करा लिया है। इसमें रजबंधा मैदान, आमापारा और भनपुरी का सामुदायिक भवन बुक किया गया है।

### बुके, कार सजाने में 1600 किलो की खपत

शहर में फूलों के थोक कारोबारी युवराज साहू ने बताया कि कोलकाता, नागपुर, पुणे सहित कई बड़े बाजारों से इस बार भी विविध फूलों की वैरायटीज मंगाई गई है। सामान्य दिनों में बुके की डिमांड कम रहती है, लेकिन इस बार अच्छे कारोबार की उम्मीद है। सामान्य दिनों में 80 से 100 डाक फूलों की खपत होती है। इस बार करीब 200 डाक फूलों की डिमांड को देखते हुए 19 एवं 20 अप्रैल के लिए पुख्ता तैयारी की गई है।

---

**लाइव इवेंट**

## भगवान परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर की महाआरती



**रायपुर।** कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल की पहल पर शनिवार रात भगवान परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर आराध्य देव की भव्य महाआरती की गई। इसमें भगवान परशुराम जयंती पर अलग-अलग क्षेत्र में आयोजन करने वाली दस संस्थाओं के पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, पंकज शर्मा, निगम के पूर्व सभापति प्रमोद दुबे प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस आयोजन की श्रृंखला में भगवान परशुराम के जीवन प्रसंगों पर अतिथियों ने प्रकाश डालते हुए इसे भव्य स्वरूप देने के लिए चर्चा की गई। इस अवसर पर पं. सुरेश मिश्रा, पं. राजेश दीक्षित, पं. संजय अवस्थी, नीता अवस्थी, वरिष्ठ पत्रकार राजेश मिश्रा सहित ब्राह्मण समाज के लोग मंचस्थ रहे। इनकी मौजूदगी में आराध्य देव के कृतित्व पर विद्वान वक्ताओं द्वारा चर्चा की गई।

### संयुक्त रूप से मनाई जाएगी जयंती

इस आयोजन के बीच ब्राह्मण समाज ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया कि आगामी वर्ष में आराध्य देव की जयंती संयुक्त रूप से मनाई जाएगी। इसमें अलग-अलग ब्राह्मण समाज से जुड़े लोग और पदाधिकारी शामिल होंगे। इस तरह का निर्णय इसलिए लिया गया, ताकि भगवान की आस्था में किए जाने वाले आयोजनों को गरिमामय स्वरूप दिया जा सके। इस मुद्दे को सभी ने सहमति देते हुए 2027 में जयंती उत्सव को महोत्सव का रूप देने की सहमति बनी। वहीं आयोजन के बीच अतिथियों ने समाज को एकता के सूत्र में पिरोने पर जोर दिया।



**सिटी इवेंट**

## 'यादें 2026' : कैंटीन की यादें और बिछड़ने का गम, नम आंखों से दी सीनियर्स को विदाई




**रायपुर।** कॉलेज के हसीन लम्हें, दोस्तों का साथ और कैंटीन की यादें... जब पीछे छूटती हैं तो आंखें नम होना लाजिमी है। कुछ ऐसा ही नजारा श्री बालाजी दिशा कॉलेज के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के विदाई समारोह 'यादें 2026' में देखने को मिला। बेबीलॉन कैपिटल में आयोजित इस समारोह में जूनियर्स ने अपने सीनियर्स का माथे पर तिलक लगाकर शानदार स्वागत किया। विदाई की इस बेला में जहां एक तरफ दोस्तों से बिछड़ने का गम था तो वहीं भविष्य की नई उड़ान भरने का उत्साह भी छात्र-छात्राओं के चेहरों पर साफ नजर आया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एंड कॉलेज की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक, आकांक्षा पटेल, श्री बालाजी दिशा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एके तिवारी और दिशा एजुकेशन सोसाइटी की डायरेक्टर डॉ. अंशु शुक्ला सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की वंदना के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. तिवारी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच का होना बेहद जरूरी है। दिशा कॉलेज से प्राप्त शिक्षा का सदुपयोग कर हर क्षेत्र में कॉलेज का नाम रोशन करें।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, दिए गए खास टाइटल्स

कार्यक्रम में जूनियर्स ने शानदार रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सीनियर्स के प्रति अपना प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। सीनियर्स ने भी अपने मनोरंजक परफॉर्मेंस से सभी का दिल जीत लिया। इस दौरान मंच पर ग्लैमर का भी तड़का लगा और छात्र-छात्राओं को उनके व्यक्तित्व के अनुसार विभिन्न टाइटल्स से नवाजा गया। कार्यक्रम का सफल व आकर्षक मंच संचालन डॉ. ए. पूजा नायर और सरिता जसवानी ने किया। इस खास अवसर पर कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष और प्राध्यापक मौजूद रहे, जिन्होंने छात्रों को उनके सुनहरे भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

### गगन और राहुल बने मिस्टर दिशा

समारोह में 'मिस्टर दिशा' का खिताब बी-एड से गगन कुमार निर्मलकर, बीबीए से राहुल सेन, बी-कॉम से एल. वामशी कुमार, बीएससी से विनीत कुमार और बीसीए से आयुष कुमार साहू ने अपने नाम किया। वहीं, 'मिस दिशा' का ताज बी-एड की तनुप्रिया यादव, बीबीए की शालिनी पात्रो, बी-कॉम की प्रीति शील, बीएससी की जानवी देशमुख और बीसीए की अनीशा जयसिंघानी के सिर सजा। इसके अलावा कार्यक्रम में अन्य विद्यार्थियों को भी विशेष टाइटल्स से नवाजा गया। इनमें ऐश्वर्या नायक, श्वेता कुमारी, मुस्कान गोस्वामी और मुस्कान मिश्रा को 'मिस ईव' चुना गया, जबकि 'मिस्टर ईव' का टाइटल प्रिंस सिंह, सुमीत कुमार यादव, धीरज जिंदल और विशाल कुलानी को दिया गया। वहीं कॉलेज में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भूपेंद्र देवांगन, चंद्रकांत राय और युवराज वाजपेयी को अचीवर्स अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।

---

## छत्तीसगढ़ी गीतों से कलाप्रेमियों के लिए सजाई संगीत संध्या

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी लोकगीत, संगीत की एक सुरमयी संगीत संध्या का आयोजन स्वर सप्तक संस्था द्वारा किया गया। शनिवार की रात 8 बजे अरपा पैरी के धार...गीत पर शुभांगी कुलदीप ग्रुप ने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति से रंगारंग आयोजन का आगाज किया। इस अवसर को खास बनाने और 'हमरो पुछइया भइया कोनो नई हे गा' के लिए सजाए गए संस्कृति विभाग परिसर स्थित मुक्ताकाशी मंच पर उभरते हुए कलाकारों ने ऐसी धूम मचाई कि कलाप्रेमी दर्शक दीर्घा में झूमने को आतुर नजर आए। इस कार्यक्रम के संयोजक उदय दास की पहल पर नवोदित कलाकारों को श्रोताओं से जोड़ने का अहम किरदार सूत्रधार के रूप में सुरेंद्र मानिकपुरी ने निभाया। मंच का संचालन प्रीति राजवैद्य एवं संगीत संयोजन चैन कुमार साहू ने किया। इनके मार्गदर्शन में प्रस्तुतियों का सिलसिला अरपा पैरी के धार गीत पर भावपूर्ण प्रस्तुति से किया गया।









### इन कलाकारों का मंच पर किया सम्मान



इस अवसर पर मुख्य अतिथि शशांक शर्मा (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी) एवं विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मदन चौहान द्वारा दाऊ रामचंद्र देशमुख सम्मान से अलंकृत किया गया। सम्मानित होने वाले कला साधक सुरेश देशमुख (प्रथम उद्घोषक, चंदैनी गोंदा) जयंती यादव (लोकगायिका) डॉ. कृष्णकुमार सिन्हा, संस्थापक, चक्रधर कथक कल्याण केन्द्र, राजनांदगांव, गरिमा दिवाकर, (लोकगायिका), पं. विवेक शर्मा (गायक एवं संगीतकार), चंपा निषाद (लोकगायिका) को सम्मनित किया गया।

## अमरनाथ यात्रा करने दिनभर कतार में श्रद्धालु, समिति दे रही नाश्ता-पानी

**रायपुर।** श्री बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन शुरू हो चुका है। जम्मू-कश्मीर बैंक की शाखाओं में पंजीयन कराने के लिए प्रदेशभर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इन श्रद्धालुओं की सुविधा और मदद के लिए 'श्री बाबा अमरनाथ सेवा समिति' सामने आई है। बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही बैंक पहुंच जाते हैं और अपनी बारी का दिनभर इंतजार करते हैं। लंबी कतारों के कारण लोग खाने-पीने के लिए बाहर भी नहीं जा पाते। इसे देखते हुए सेवा समिति की ओर से लोगों को सुबह और दोपहर के वक्त नाश्ता और पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। समिति की इस पहल ने दूरदराज से आए श्रद्धालुओं की परेशानी को काफी कम कर दिया है।



### 30 जून को रवाना होगा पहला जत्था

श्री बाबा अमरनाथ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष गंगाप्रसाद यादव ने बताया कि वे साल 1995 से निरंतर बाबा बर्फानी की यात्रा कर रहे हैं और 2026 में भी यह सिलसिला जारी रहेगा। इस बार 30 जून (मंगलवार) को नीलकंठ एक्सप्रेस से राजधानी रायपुर से अमरनाथ यात्रियों का प्रथम जत्था प्रस्थान करेगा। इस पुनीत कार्य के दौरान जम्मू-कश्मीर बैंक के मैनेजर राकेश बाली के साथ श्री बाबा अमरनाथ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष गंगाप्रसाद यादव, अतुल भाई पटेल, संतोष अग्रवाल, सीताराम, सुशील, हितेश टांक और पवन अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

---

**कार्नर न्यूज**

## अबेकस प्रतियोगिता में शैलेंद्र नगर को कई श्रेणियों में मिले पुरस्कार

# तीन साल अभ्यास कर केजी-वन के बच्चों ने बढ़ाई बौद्धिक क्षमता, पलक झपकते ही लाखों की गणना, किया चकित

**रायपुर।** ब्रेनिश अबेकस मेगाफेस्ट-2026 का आयोजन कमल विहार स्थित माहेश्वरी भवन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के इस सातवें संस्करण में बच्चों की बौद्धिक क्षमता के अनेक अचंभे रायपुर में लोगों को देखने मिले। पलक झपकते ही बच्चों ने गणित की अनेक गणनाओं का सही हल प्रस्तुत कर लोगों को आश्चर्य में डाल दिया। इसमें ब्रेनिश अबेकस शैलेंद्र नगर के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन चैंपियन ट्रॉफी सहित अनेक श्रेणियों में पुरस्कार जीते। चैंपियन ट्रॉफी जीतने वालों में वेदिका सुंदरानी, आराध्या चौहान और सार्थक गुप्ता शामिल हैं। राज्यभर के करीब 1200 से ज्यादा बच्चे इस प्रतियोगिता में जुटे। ब्रेनिश अबेकस शैलेंद्र नगर की मास्टर ट्रेनर दीपा शुक्ल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने बच्चे लंबे समय से अभ्यास करते आ रहे थे। निरंतर अभ्यास का ही परिणाम है कि इस वर्ष भी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रायपुर सहित छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अबेकस की पद्धति बच्चों को बिना कैलकुलेटर के 'ह्यूमन कैल्कुलेटर' बनाने की क्षमता रखती है।



### हर बच्चा कर सकता है असाधारण कार्य

*प्रतियोगिता में बच्चों ने गुणा-भाग और जोड़-घटाव के कठिन सवालों को पलक झपकते ही हल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन सब लोगों के बीच किया है, यह बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है, सही मार्गदर्शन मिले तो हर बच्चा असाधारण कार्य कर सकता है। इस प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों में मास्टर ट्रेनर दीपा शुक्ल एवं ट्रेनर सपना राठौर के मार्गदर्शन में ब्रेनिश-अबेकस शैलेंद्र नगर के बच्चों ने अनेक पुरस्कार जीते। जिनमें स्टेप-जीरो (जूनियर) में वेदिका सुंदरानी चैंपियन बनीं, तुषिता खोब्रागढ़े, शिवन्या पाटिल विजेता रहे। स्टेप-जीरो (सीनियर) में आराध्या चौहान चैंपियन रहीं, युक्ता साहू, अशविका शर्मा, इशिता साहू, देशना वर्मा पुरस्कृत हुए। केजी-वन (जूनियर) में प्रज्जवल साहू को मेरिट कप मिला। केजी-वन (सीनियर) में सार्थक गुप्ता चैंपियन बने, अन्य विजेताओं में लान्या मोटवानी, दीप्ति गुप्ता, राशि माखीजानी, अरहत ढेबरे, आद्या रामवानी शामिल हैं।*

### सीखने में लगते हैं तीन साल

ब्रेनिश अबेकस शैलेंद्र नगर की मास्टर ट्रेनर दीपा शुक्ल ने बताया कि अबेकस को पूरा सीखने में करीब तीन साल लगते हैं। जिन बच्चों में धैर्य और एकाग्रता होती है, वे ही इस तीन साल की सतत यात्रा को पूरा कर पाते हैं। गत वर्ष भी प्रतियोगिता में गणित की गणनाओं के नए रिकॉर्ड 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड' में दर्ज किए गए थे। इस अवसर पर ब्रेनिश अबेकस के अनेक बच्चों को ग्रेजुएशन उपाधि भी प्रदान की गई। स्टेप-वन सब जूनियर में मो. अली हमजा, स्टेप-वन जूनियर टू में रिषभ चौहान, गौरिक सचदेव, रूमाना फातिमा रिजवी, स्टेप-वन सीनियर थ्री में दर्शिका मजूमदार, शिफा मेमन, केजी-टू जूनियर-वन में अनय वर्मा, आद्याशा स्वैन, प्रखर प्रकाश मनहर, केजी-टू जूनियर टू में याशिका ओझा, जैनिल खिलोसिया, अनाया सिंग, केजी-टू सीनियर में आयती देवांगन, नील सुहाने।



## पेज 03 के शेष ...

### कचना फ्लाईओवर पूरा ....

दस हजार करोड़ से ज्यादा की सड़कें फंस गई हैं। दाम बढ़े तो पुराना सौदा कर दिया रद्द - 36 करोड़ की लागत से कचना फ्लाईओवर का काम अक्टूबर 2023 से चल रहा है। इसको अगले माह मई में पूरा करना है। फ्लाईओवर का पूरा काम हो गया है, बस डामरीकरण का काम बचा है। इसका काम करने वाले ठेकेदार के. चंद्रशेखर राव के मुताबिक उन्होंने 13 अप्रैल को भारत पेट्रोलियम कंपनी से 180 टन डामर का सौदा उस समय की कीमत 82 हजार रुपए टन के हिसाब से किया था।

इसके लिए डेढ़ करोड़ का भुगतान भी कर दिया है, लेकिन अचानक दाम बहुत ज्यादा बढ़ जाने के कारण कंपनी ने साफतौर पर डामर की सप्लाई करने से मना कर दिया है, जबकि इसकी बिलिंग पहले हो चुकी है। कंपनी वाले पहले कहते रहे कि आपका माल रवाना किया जा रहा है, लेकिन अचानक 16 अप्रैल को दाम और बढ़ने के बाद अब कपंनी ने शर्त रखी है कि नई कीमत पर भुगतान होने पर ही सप्लाई होगी। ठेकेदार के मुताबिक अगर समय पर डामर नहीं मिला, तो काम पूरा नहीं होगा और ऐसे में फ्लाईओवर बारिश के बाद ही पूरा हो सकेगा।

### वजन कम करने ....

घटाने के उपयोग में आती है। इसके सेवन भूख कम करने और मोटापा घटाने के काम में आता है। सूत्रों के मुताबिक काफी समय से लोगों को स्लिम अथवा पतला दिखने का फैशन चला है। इसके चक्कर में लोग अन्य तरीकों के साथ एलोपैथी से संबंधित दवाओं का उपयोग भी करते हैं, इनमें जीएलपी-1 आधारित दवा भी शामिल है। इसे ध्यान में रखते हुए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के निर्देश के आधार पर छत्तीसगढ़ में भी इस दवा को जांच दायरे में रखा गया है।

दवा कारोबारियों को इस बात की सख्त हिदायत दी गई है कि बिना चिकित्सकीय पर्ची संबंधित दवाओं की बिक्री नहीं की जाए। इसके अलावा इन दवाओं के मौजूदा स्टॉक तथा खरीदी-बिक्री की भी जानकारी रखी जाए। साथ ही औषधि निरीक्षकों को भी दवा दुकानों में संबंधित दवाओं की जांच करने हिदायत दी गई है।

### निगम के 4 अधिकारी ....

अवैध प्लाटिंग को मंजूरी दी गई और इस दौरान उच्च अधिकारियों की आंखों में धूल झोंकी गई। इस मामले को लेकर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने निगम आयुक्त से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की थी। हरिभूमि ने इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस खबर का असर देखने को मिला है।

नगर निगम जोन 10 कमिश्नरी अंतर्गत बोरियाखुर्द गांव की सीमा से लगी 100 एकड़ जमीन की मार्ग संरचना अनुमति मामले में 4 अधिकारियों को आयुक्त ने सस्पेंड कर दिया है। इनमें तत्कालीन जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला, इंजीनियर योगेश यदु, अजय श्रीवास्तव शामिल हैं। इस मार्ग संरचना फाइल को बिना निगम आयुक्त विश्वदीप की अनुमति के इन्होंने सीधे टाउन एंड कंट्री प्लानिंग भेजा था। यहां भी सक्षम अधिकारियों ने इसकी छानबीन किए बिना संबंधित जमीन पर नक्शा पास करने की अनुमति दे दी थी। निगम आयुक्त ने इस पर आपत्ति जताई, तब टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के संयुक्त संचालक ने स्वीकृत मार्ग संरचना को निरस्त कर दिया। इसके चलते इस पूरे मामले में निगम जोन कमिश्नरी और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की मिलीभगत का अंदेशा लगाया जा रहा था।

### गंभीर मामला .....

भाजपा शासित व्यवस्था से यह पूछना चाहते हैं कि उनके कार्यकाल में यह सब कैसे हुआ? अवैध प्लाटिंग जारी रही, बिना सक्षम स्वीकृति के प्रस्ताव आगे बढ़े और जिम्मेदारी तय नही हुई, क्या यह प्रशासनिक नियंत्रण की कमी को दर्शाता है? तीसरी बात बार-बार सुशासन की बात की जाती है, लेकिन यहां जो स्थिति सामने आई है, वह इसके विपरीत दिखाई देती है, क्या यही सुशासन है, जहां नियमों का पालन नहीं होता, कार्रवाई समय पर नहीं होती, केवल जांच की प्रक्रिया अपनाई जाती है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए एजाज ढेबर ने कहा कि इस पूरे मामले में एक और गंभीर सवाल उठता है क्या यह प्रकरण अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी के कारण है, या फिर किसी स्तर पर मिलीभगत का? श्री ढेबर ने मांग की है मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### देशभर के कई ....

खेमानी पर ईडी का शिकंजा कस सकता है। उसके खिलाफ ईडी, मनी लांड्रिंग का अपराध दर्ज कर कार्रवाई कर सकती है।

***थ्री लेयर में सट्टा :*** पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि खेमानी का सट्टा नेटवर्क तीन अलग-अलग लेयर में काम करता था। हर लेयर का उद्देश्य अलग था, कहीं कस्टमर जोड़ना, कहीं सट्टा आपरेट करना और कहीं पैसों के ट्रांजेक्शन को छिपाना। इस मल्टी-लेयर सिस्टम के जरिये नेटवर्क को लगातार विस्तार दिया जा रहा था और जांच एजेंसियों से बचने की कोशिश की जाती थी।

### ऐसे संचालित होता ....

- आपरेशन को एक जगह सीमित रखने के बजाय फैलाने पर फोकस किया गया।
- नेटवर्क को रायपुर से बाहर शिफ्ट किया।
- दूसरे राज्यों में विस्तार कर कार्रवाई से बचते हुए कारोबार जारी रखा।
- आपरेशन को रायपुर से बाहर शिफ्ट कर दिया गया।
- मुंबई और गोवा को नया आपरेशन बेस बनाया।
- वहीं से पूरे देश में नेटवर्क फैलाया।
- गोवा में मिले 'लाइन पैनल' से वहां से सीधे आपरेशन होने की पुष्टि हुई।
- गोवा में आइडी बनाई जाती थी। कस्टमर को लागिन दिया जाता था
- लाइव मैच के दौरान वहीं से सट्टा चलता था
- तीसरा लेयर
- म्यूल अकाउंट के सहारे पैसे का पूरा नेटवर्क
- आपरेटर तक सीधी पहुंच छिपाने के लिए अलग फाइनेंशियल नेटवर्क तैयार किया।
- सीधे खातों की बजाय एजेंटों के जरिये जुटाए गए खातों से लेन-देन होता था।
- इन्हीं खातों से करोड़ों का ट्रांजेक्शन कर मनी ट्रेल को कई लेयर में बांटा गया।
- म्यूल अकाउंट सिस्टम के तहत लोगों के खाते किराये पर लेकर एक खाते के बदले 20-30 हजार रुपए दिए जाते थे।
- इन खातों का इस्तेमाल सट्टे के पैसे के लेन-देन में किया जाता था।
- कस्टमर से पैसा इन खातों में डलवाया जाता।
- फिर इसे अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किया जाता।
- कई बार कैश निकालकर आगे भेज दिया जाता।
- जांच में करोड़ों रुपए ट्रांजेक्शन का संकेत मिला है।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130









## खबर संक्षेप

### कृष चन्द्राकर ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड में 96.8% अंक हासिल कर लहराया परचम

**अभनपुर।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में अभनपुर क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र कृष चन्द्राकर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल, अभनपुर के छात्र कृष ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपनी मेधा का लोहा मनवाया, बल्कि विद्यालय में प्रथम स्थान भी हासिल किया है। उनकी इस गौरवशाली उपलब्धि से न केवल विद्यालय प्रबंधन गौरवान्वित है, बल्कि उनके गृह ग्राम पलौद और संपूर्ण चन्द्राकर समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई है। पिता ओमप्रकाश चन्द्राकर के सुपुत्र कृष ने अपनी इस शानदार कामयाबी का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपनी माता श्रीमती नारायणी चन्द्राकर के निरंतर प्रोत्साहन को दिया है। कृष का कहना है कि उनकी मां के भावनात्मक सहयोग और शिक्षकों द्वारा तैयार की गई सटीक रणनीति ने उन्हें कठिन परिश्रम करने के लिए हमेशा प्रेरित किया, जिसका परिणाम आज सबके सामने है।



### खाद संकट पर किसानों का आक्रोश सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**आरंग।** किसान नेता पारसनाथ साहू, बालेश साहू, झनकराम आवडे, गोविंद चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार इस साल बहुत कम मात्रा में रासायनिक खाद सप्लाई करने की पूरी तैयारी कर चुकी है, जिसके तहत ग्रामीण सेवा सहकारी समितियों में खाद लेने के लिए पंजीयन होने के पश्चात भी किसानों को खाद देने पर रोक लगा दी गई है। एग्री स्टेट पोर्टल में दर्ज रकबा को आधार मानकर ही खाद देने की योजना थी, लेकिन पोर्टल से किसानों का रकबा हटा दिया गया है। किसान इसे सुधरवाने के लिए भटक रहे हैं। पंजीयन होने के बावजूद भी उन्हें खाद नहीं दिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि पिछले साल से भी ज्यादा खाद की दिक्कत इस बार आने वाली है। सरकार किसानों को गुमराह कर रही है। पहले 60-40 अनुपात में खाद किसानों को दिया जाता था, जिसे बदलकर 70-30 के अनुपात में देने का निर्णय लिया गया है। यानी निजी दुकानदारों को फायदा पहुँचाने व माध्यम बनाकर भ्रष्टाचार करने की छूट दे दी गई है। किसानों ने मांग की है कि सरकार नए नियम को रद्द कर सहजता से किसानों को खाद उपलब्ध कराए, क्योंकि अक्षय तृतीया के बाद कृषि कार्य प्रारंभ हो जाता है। यदि किसानों की मांग को अनसुना किया गया या भेदभावपूर्ण वितरण किया गया, तो प्रदेश भर के किसान नेपाल की तर्ज पर आंदोलन करेंगे।

### अनुष्का ने 98.4% अंक प्राप्त विद्यालय का गौरव बढ़ाया

**कूंरा।** ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी की छात्रा अनुष्का वर्मा ने शानदार शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करते हुए 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर अनुष्का ने यह उत्कृष्ट सफलता अर्जित की, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई है।उन्होंने नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपनी सफलता का मुख्य आधार बताया। परीक्षा की तैयारी के दौरान उन्होंने सभी विषयों पर समान ध्यान दिया और कठिन विषयों को भी धैर्य एवं लगन से समझकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने अनुष्का की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी है। अनुष्का की इस सफलता से उनके माता-पिता और परिवारजनों में भी खुशी का माहौल है। उन्होंने अपनी बेटी की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। भविष्य की योजनाओं के बारे में अनुष्का ने बताया कि वे आगे भी इसी तरह मेहनत जारी रखते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश और समाज के लिए योगदान देना चाहती हैं।

# अक्षय तृतीया आज मनाएंगे, सजेगा मंडप, होंगे पुतला-पुतली विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग।

19 अप्रैल को अक्षय तृतीया का पावन पर्व है, जिसे हमारे ग्रामीण अंचलों में 'अक्ति' के नाम से बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। शहरों में भले ही इस दिन सोने-चांदी की चमक हो, लेकिन हमारे गांवों में इस दिन मिट्टी की सौंधी खुशबू और बच्चों की मासूमियत बिखरेगी। अक्ति के इस खास मौके पर गांव-गांव में छोटी-छोटी बच्चियां पुतला-पुतली यानी गुड्डा-गुड़िया की शादी रचाने की प्राचीन परंपरा को जीवंत करेंगी।सुबह होते ही घरों के आंगन और गलियों में बच्चों की टोलियां जुट जाएंगी, जहां छोटे-छोटे मंडप सजाए जाएंगे। यह नजारा बिल्कुल किसी असली शादी जैसा होगा, जहां पुतला और पुतली को विधि-विधान से हल्दी लगाई जाएगी और गांव की नन्हीं बच्चियां सुआ और बिहाव के गीत गाएंगी। खेल-खेल में होने वाली इस शादी में मोहल्ले के बच्चे बाराती बनेंगे और पूरे उत्साह के साथ बारात निकालेंगे। शादी के बाद बच्चे अपनी गुल्लक के पैसों और घरों से लाए गए गुड़-चावल से सामूहिक भोज का आनंद भी लेंगे। यह परंपरा केवल मनोरंजन नहीं है, बल्कि ग्रामीण संस्कृति का वह हिस्सा है जो बच्चों को बचपन से ही अपनी जड़ों, रीति-रिवाजों और सामाजिक रिश्तों की अहमियत सिखाता है। इसके साथ ही, अक्ति का यह दिन किसानों के लिए भी नई उम्मीदें लेकर आता है, क्योंकि इसी दिन से वे अपने औजारों की पूजा कर नई फसल के लिए 'बीज बोहनी' का शुभ काम शुरू करते हैं।

### शादी में मोहल्ले के बच्चे बाराती बनेंगे



#### संस्कृति की सीख और खेती की नई शुरुआत

ग्रामीणों का मानना है कि यह केवल बच्चों का खेल नहीं है, बल्कि यह वह संस्कृति है जो आने वाली पीढ़ी को अपनी जड़ों, रीति-रिवाजों और सामाजिक रिश्तों की अहमियत सिखाती है। अक्ति का यह पर्व केवल बच्चों के लिए ही नहीं, बल्कि अन्नदाता किसानों के लिए भी बेहद खास है। अक्षय तृतीया को शुभ मुहूर्त मानकर किसानों ने अपने कृषि औजारों की पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही, उन्होंने नई फसल के लिए 'बीज बोहनी' का शुभ कार्य भी शुरू किया। आज का दिन किसानों के लिए नई उम्मीद और खुशहाली का संदेश लेकर आया है।

## कार्रवाई : माफिया स्वीकृत सीमा को ताक पर रख कर धड़ल्ले से उत्खनन कर रहे थे

# रेत का अवैध खनन, चिखली व कुरूद में तड़के छापेमारी, 4 चैन माउंटेन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग/मंदिर हसौद/चंदखुरी

राजधानी के बाहरी इलाकों, विशेषकर चंदखुरी क्षेत्र में लंबे समय से फल-फूल रहे अवैध रेत खनन के काले साम्राज्य पर जिला प्रशासन ने आज तड़के एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गहरी चोट पहुंचाई है। खनिज कलेक्टर राजेश माल्वे के कड़े निर्देशों पर अमल करते हुए खनिज विभाग की टीम ने रात के सन्नाटे में ऐसी दबिश दी कि माफियाओं के हौसले पस्त हो गए। इस कार्रवाई ने आरंग, मंदिर हसौद और चंदखुरी क्षेत्र के रेत तस्करों के बीच हड़कंप मचा दिया है। प्रशासन को बीते कई दिनों से लगातार अवैध उत्खनन की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, खनिज इंस्पेक्टर भार्गव के नेतृत्व में खनिज विभाग की टीम ने पूरी गोपनीयता बनाए रखी और शनिवार तड़के करीब 3 बजे ग्राम चिखली और ग्राम कुरूद की रेत खदानों पर अचानक छापा मारा। जांच के दौरान मौके पर भारी अनियमितताएं पाई गईं। रेत माफिया स्वीकृत सीमा को ताक पर रखकर प्रतिबंधित रात्रिकालीन समय में धड़ल्ले से उत्खनन कर रहे थे। टीम ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए ग्राम चिखली से 2 और ग्राम कुरूद से 2 चैन माउंटेन (पोकलेन) मशीनें जब्त कर लीं। इन 4 मशीनों को मौके पर ही सीलबंद कर दिया गया और अवैध उत्खनन को तत्काल प्रभाव से बंद करवा दिया गया।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं आम आदमी पार्टी के नेता परमानंद जांगड़े ने कहा की प्रशासन को साक्ष्यों के साथ बताया था कि इन क्षेत्रों में किस प्रकार नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। उनकी शिकायतों में रात्रिकालीन अवैध उत्खनन, स्वीकृत सीमा से बाहर जाकर खुदाई, अवैध वसूली और बिना रॉयल्टी के भारी मात्रा में रेत का भंडारण जैसे गंभीर आरोप शामिल थे। मौके पर जांच के दौरान उनके द्वारा किए गए सभी दावे सही पाए गए, जिसके बाद प्रशासन ने बिना किसी दबाव के कार्रवाई को अंजाम दिया।



#### किसी को नहीं बख्शा जाएगा

कार्यवाही की गंभीरता को देखते हुए खनिज कलेक्टर राजेश माल्वे ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध उत्खनन की शिकायतों को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह केवल एक शुरुआत है। भविष्य में नियमित निरीक्षण के माध्यम से सतत निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। अवैध उत्खनन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति या संस्था को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो। खनिज विभाग ने अब एक और बड़ा कदम उठाते हुए इन खदानों के दोबारा सीमांकन का निर्णय लिया है। संबंधित पट्टेदारों और मामले में संलिप्त अन्य पक्षों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

## गंगरेल के पानी से लबालब नहरें कठवा फाल का नजारा देखने लायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ में सूरज की तपिश और बढ़ते पारे के बीच जल संकट से जूझते गांवों के लिए गंगरेल बांध यानी रविशंकर सागर जलाशय की महानदी मुख्य नहर इन दिनों जीवनदायिनी बनकर उभरी है। ग्रामीणों की निस्तारी समस्या को दूर करने के लिए छोड़ा गया यह पानी न केवल सूखे तालाबों की प्यास बुझा रहा है, बल्कि भीषण गर्मी के इस मौसम में मानसून सा खुशनुमा अहसास भी करा रहा है। वर्तमान में नहरों के माध्यम से बहता जलस्तर एक ओर जहाँ बरसात के दिनों में नदी-नालों में दिखने वाले उफान की याद दिला रहा है, वहीं दूसरी ओर कुकरा गांव के पास प्रकृति का एक अद्भुत दृश्य निर्मित हो गया है। कुकरा गांव से महज एक किलोमीटर पहले स्थित कठवा फाल में जब नहर का पानी पूरी रफ्तार के साथ नीचे गिरता है, तो वहां की पटकन देखते ही बनती है। उक्त जगह पर लगभग 15 फिट की ऊंचाई से गिरकर पटकन से टकराते हुये यह जल प्रवाह बिल्कुल जबलपुर के भेड़ाघाट स्थित दूधिया घाट जैसा अहसास करा रहा है। पानी की यह पटकन इतनी जोरदार और सुंदर है कि गिरता हुआ जल पूरी तरह सफेद गेजगेजा और झागदार नजर आता है, जिसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई दूध की धारा बह रही हो। गर्मी की चिलचिलाती धूप के बीच इस सफेद चादर जैसे दृश्य को देखकर राहगीर और ग्रामीण मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। यह जल प्रवाह जहाँ एक ओर गांवों के सूखे तालाबों को भरकर निस्तारी की समस्या का समाधान कर रहा है, वहीं दूसरी ओर इस भीषण गर्मी में लोगों को शीतलता प्रदान कर रहा है। कठवा फाल का यह मनमोहक नजारा इन दिनों आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जहाँ पहुंचकर लोग इस 'मिनी भेड़ाघाट' के सौंदर्य का आनंद ले रहे हैं। नहर में बह रही द्वारा पानी से जहा नहर किनारे बसे गाव के कुआँ व बोरबेल का जल स्तर बढ़ रहा है वही पशुओं के लिए वरदान साबित हो रहा है, बल्कि कुकरा के पास बहते इस दूधिया प्रपात ने पर्यटन जैसा माहौल भी निर्मित कर दिया है।

# अक्षय तृतीया पर निकलेगी परशुराम की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

भक्ति, शक्ति और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम आगामी 19 अप्रैल को नवा रायपुर की सड़कों पर देखने को मिलेगा। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर नवा रायपुर ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसे लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह है।रविवार को होने वाले इस विशाल उत्सव की शुरुआत दोपहर 2:00 बजे सेक्टर-27 स्थित शिवालय परिसर से होगी। यहां से भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा का आगाज होगा, जो शहर के विभिन्न सेक्टरों का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचेगी। इस यात्रा को खास बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं, जिसमें भगवान के जीवन प्रसंगों को दर्शाती मनमोहक झांकियों के साथ-साथ युवाओं की ऊर्जा से लबरेज कार और बाइक रैली भी शामिल रहेगी। भक्ति संगीत की गूंज के बीच कीर्तन मंडलियां और डीजे की सुमधुर प्रस्तुतियां पूरे माहौल को धर्ममय बनाएंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर के विभिन्न मार्गों पर जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की गई है। शोभायात्रा के समापन के पश्चात मंदिर परिसर में महाआरती होगी और फिर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जहां सभी भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस गरिमामयी कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की भी संभावना है। नवा रायपुर ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने समस्त विप्र बंधुओं और आम नागरिकों से सपरिवार इस आयोजन में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

■ दिखेगी संस्कृति और सामाजिक एकता की झलक

## गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत जनसंपर्क



**आरंग।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत 27 अप्रैल को गौमाता की सुरक्षा, सम्मान व संरक्षण सहित गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने को लेकर पूरे भारत देश के सभी तहसील/ब्लॉक मुख्यालयों में 11 बजे गौभक्तों द्वारा महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यों के महामहिम राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार/खंड अधिकारियों को सौंपा जाएगा। इसी कड़ी में तहसील मुख्यालय आरंग में भी गौसेवकों द्वारा विशाल गौ रक्षा यात्रा निकालकर तहसीलदार आरंग को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए पूरे आरंग ब्लॉक/तहसील क्षेत्र में गौसेवकों द्वारा लगातार हस्ताक्षर, बैठक व जनसंपर्क कर कार्यक्रम को सफल बनाए जाने की अपील की जा रही है। ग्राम पंचायत गुल्लू में गौसेवक अशोक कुमार यादव, सत्यार्थ प्रकाश साहू, रोहित यादव, हेमंत गिरी गोस्वामी, संतोष पटेल, रामशरण धीवर, डोमार सिंह लोधी, भारती साहू आदि ने ग्राम के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व अन्य संस्थाओं के साथ-साथ ग्रामवासियों से संपर्क कर अभियान को सफल बनाए जाने का आह्वान किया, जिस पर सभी ने कार्यक्रम में शामिल होकर आंदोलन/अभियान को सफल बनाने का आश्वासन दिया।

# सिलयारी में गहराया जल संकट नहरों पर कब्जों से सूखे तालाब

**सिलयारी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निस्तार के लिए नहरों के माध्यम से तालाबों को भरने की योजना बनाई गई थी, लेकिन मांढर नहर शाखा से साँकरा नहर शाखा तक अब तक पानी नहीं पहुंच सका है। इसके कारण साँकरा, निमोरा सहित आसपास के गांवों के तालाब सूख गए हैं और ग्रामीणों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार मांढर नहर शाखा में कई स्थानों पर अतिक्रमण किया गया है। नहर की पटरी और जल प्रवाह क्षेत्र में हुए अवैध कब्जों के कारण पानी का बहाव रुक गया है, जिससे तालाबों तक पानी पहुंचना संभव नहीं हो पा रहा। लोगों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। नहर अतिक्रमण के अलावा शासकीय सड़क पर अवैध बोर खनन का मामला भी लंबे समय से लंबित है। ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कुछ ग्रामीणों ने अधिकारियों पर लापरवाही और दोषियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। गुमा मंडल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर नहर से अतिक्रमण नहीं हटाया गया और अवैध बोर खनन पर कार्रवाई नहीं की गई, तो कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा, "जल संकट से जनता त्रस्त है और प्रशासन की निष्क्रियता अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने कलेक्टर रायपुर एवं सिंचाई विभाग से मांग की है कि शीघ्र नहर में पानी छोड़ा जाए, अतिक्रमण हटाया जाए और दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र के तालाब भर सकें और जल संकट से राहत मिल सके।

## बोरिद के स्काउट गाइड्स द्वारा मीठा जल सेवा

**आरंग।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर के जिला अध्यक्ष जी. स्वामी जी, जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय के निर्देशानुसार तथा सहायक जिला आयुक्त एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बोरिद, संकुल मोखला के स्काउट मास्टर होरीलाल पटेल के नेतृत्व में वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर दल एवं शहीद वीरनारायण सिंह दल के बच्चों द्वारा अटल चौक में आज राहगीरों और खेत-खलिहान से कार्य कर लौट रहे सभी ग्रामीणों, बड़े-बुजुर्गों, पालकगण एवं बच्चों को आम, पाइनएप्पल और ब्लूबेरी का मीठा शरबत पिलाया गया। इस अवसर पर सरपंच दिनेश गिलहरे, उपसरपंच अमन चंद्राकर, शाला विकास समिति के अध्यक्ष दीनदयाल साहू, उपाध्यक्ष चिंताराम धीवर, संकुल समन्वयक गिरिजा शंकर अग्रवाल, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से अर्जुन सर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक गंगाप्रसाद चंद्राकर, ममता सोनी, प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक नरोत्तम चतुर्वेदी, गिरीश गिलहरे, भेखलाल साहू उपस्थित थे।



## धरसीवां में पेयजल संकट गहराया, जनता परेशान, जिम्मेदार मौन

**सिलयारी।** धरसीवां क्षेत्र में इन दिनों पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। क्षेत्र के कई गांवों और बस्तियों में लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच पानी की कमी ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार विभागीय अधिकारियों से इस समस्या के समाधान के लिए संपर्क किया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। अधिकारियों की उदासीनता के कारण स्थिति दिन-प्रतिदिन और गंभीर होती जा रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवां के अध्यक्ष श्री आशीष वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में उद्योगों द्वारा बड़ी संख्या में बोर खनन किया जा रहा है, जिसके कारण भू-जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस विषय में जिम्मेदार अधिकारियों से कई बार चर्चा की गई, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर क्षेत्र की जनता पानी के लिए परेशान है, वहीं दूसरी ओर अधिकारी और भाजपा के नेता इस समस्या के प्रति गंभीर नहीं हैं और केवल आरामदायक माहौल में बैठे हुए हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर समस्या पर तत्काल संज्ञान लेते हुए पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए और अनियंत्रित बोर खनन पर रोक लगाई जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## आरंग के लोरिक नगर में गूंजेंगे लोक संस्कृति के सुर

# रीवा में पहली बार सजेगी चंदैनी की महफ़िल,तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ की माटी की खुशबू और लोक परंपराओं को जीवंत रखने के लिए ग्राम रीवा (गढ़रीवां) में 22 अप्रैल को एक भव्य आयोजन होने जा रहा है। 'लोरिक नगर' के नाम से विख्यात इस गांव में पहली बार लोरिक चंदा (चंदैनी) लोकनाट्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है। शनिवार को ग्राम पंचायत में सरपंच घसियाराम साहू की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक हुई। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों और 'पीपला फाउंडेशन' के सदस्यों ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। महोत्सव को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों ने जनसहयोग का संकल्प लिया है, जिसमें फाउंडेशन ने 10 हजार रुपये की शुरुआती मदद भी दी है। विलुप्त होती कला को बचाने की पहल सरपंच घसियाराम साहू और पीपला फाउंडेशन के संयोजक महेंद्र कुमार पटेल ने चिंता जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रची-बसी 'चंदैनी' विधा अब धीरे-धीरे कम हो रही है।

एक समय था जब लोग रात-रात भर चंदैनी देखने दूर-दूर जाया करते थे। आज इस विरासत को फिर से जीवित करने और सहेजने की जरूरत है। इसी क्रम में यह प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में पहली बार इस तरह का विशेष चंदैनी महोत्सव आयोजित हो रहा है। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का साधन बनेगा, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध लोक संस्कृति से रूबरू होने का मौका भी देगा। पूरे क्षेत्र में इस महोत्सव को लेकर जबरदस्त चर्चा है।



#### दिग्गजों की उपस्थिति से बढ़ेगी महोत्सव की गरिमा

आयोजन को और अधिक गरिमामयी बनाने के लिए प्रदेश के प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। महोत्सव के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन करेंगी। साथ ही, क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और 'चंदैनी' विधा के जाने-माने जानकार भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे, जो इस विधा की बारीकियों और महत्व पर प्रकाश डालेंगे।

# शकुन डहरिया ने प्रियंका गांधी के रुख का किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पारित न होने को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने लोकतंत्र और संविधान की एक ऐतिहासिक जीत करार दिया है। इस राजनीतिक घटनाक्रम पर छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिव डहरिया की पत्नी श्रीमतीशकुन डहरिया कार्यकारिणी सदस्य छ.ग.प्रदेश कांग्रेस कमिटी एवम प्रभारी महिला कांग्रेस ने भी अपनी मुखर प्रतिक्रिया दी है। प्रियंका गांधी के सुर में सुर मिलाते हुए शकुन डहरिया ने कहा कि केंद्र सरकार जिस तरह से देश के संघीय ढांचे को कमजोर करने और लोकतंत्र की जड़ों को नुकसान पहुँचाने की साजिश रच रही थी, उसे विपक्ष ने अपनी एकजुटता से पूरी तरह विफल कर दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सदन के भीतर सत्ताधारी दल के नेताओं के चेहरों पर छाई मायूसी इस बात का स्पष्ट प्रमाण थी कि उनकी लोकतंत्र विरोधी योजनाएं धराशायी हो चुकी हैं।शकुन डहरिया ने प्रियंका गांधी के आरोपों को विस्तार देते हुए कहा कि सरकार की मंशा कभी भी जनहित की नहीं रही, बल्कि वह महिलाओं के संवेदनशील मुद्दे का इस्तेमाल केवल अपनी सत्ता को सुरक्षित रखने के लिए एक राजनीतिक ढाल के रूप में कर रही है।



# भाजपा की रायपुर में कल आक्रोश रैली, सीएम समेत सारे मंत्री, सांसद, विधायक भी रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास न होने को लेकर भाजपा का प्रदेश संगठन प्रदेशभर में विपक्ष की भूमिका को लेकर आक्रोश रैली निकालेगा। इसका आगाज राजधानी रायपुर से होगा। रायपुर में 20 अप्रैल को बड़ी रैली होगी।

इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूरा मंत्रिमंडल, विधायक और सांसद तो रहेंगे ही, साथ ही प्रदेशभर की महिला जन प्रतिनिधि महापौर से लेकर पंच, सरपंच भी शामिल होंगे। 25 हजार से ज्यादा महिलाओं को जुटाने की तैयारी है। रायपुर के 22 से 24 अप्रैल तक संभाग और जिलों में आक्रोश रैली होगी। इसके बाद मंडलों में भी यह आयोजन किया जाएगा।

लोकसभा में नारी शक्ति अधिनियम के मंजूर न होने के बाद से भाजपा इस मामले को लेकर देश भर में विपक्ष के खिलाफ आक्रोश रैली निकालेगी। इसको लेकर अपने प्रदेश में भी भाजपा ने तैयारी प्रारंभ कर दी है। सबसे पहले राजधानी रायपुर में प्रदेश स्तर की बड़ी रैली की जा रही है।

## प्रदेश की सभी महिला जनप्रतिनिधियों की भी रहेगी बड़ी सहभागिता



### महिलाएं ही संभालेंगी कमान

रायपुर में 20 अप्रैल को तीन बजे से आक्रोश रैली इंडोर स्टेडियम से प्रारंभ होगी। इस रैली में प्रदेश के मुखिया होने के नाते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तो रहेंगे ही साथ ही दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ ही सभी मंत्री भी रहेंगे। प्रदेश के सभी सांसदों और विधायकों को भी रहने के लिए कहा गया है। लेकिन कार्यक्रम की कमान पूरी तरह से महिलाओं के हाथों में रहेंगी। इसमें प्रदेश की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के साथ ही राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता उसेंडी के साथ रायपुर की महापौर मीनल चौबे सहित प्रदेश की सभी महिला सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, पंच और सरपंच महिलाएं भी रहेंगी। भाजपा महिला मोर्चा की भी इसमें अहम हिस्सेदारी रहेगी। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस पार्टी ने देश की मातृशक्ति का अपमान किया है। इसके विरोध में देश की मातृशक्ति कांग्रेस सहित समूचे विपक्षी दलों के खिलाफ एक उग्र जन आक्रोश यात्रा निकालेगी।

### मुख्यमंत्री निवास में बनी रणनीति

आक्रोश रैली को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास पर रणनीति बनाने के लिए बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, ओपी चौधरी, केदार कश्यप, राजेश अग्रवाल सहित कई मंत्री भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कंडेय, अखिलेश सोनी, महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में आक्रोश रैली को लेकर रणनीति बनी। रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह भी आ रहे हैं। यशवंत जैन ने बताया, मुख्यमंत्री और हमारे राष्ट्रीय महामंत्री रविवार को नारी शक्ति अधिनियम को लेकर पत्रकारों से चर्चा करेंगे।

## खबर संक्षेप



### भाजपा नेताओं ने सुना पीएम मोदी का देश के नाम संदेश

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार की रात को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर देश को संबोधित किया। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कंडेय, प्रदेश के मंत्री गुरु खुशवंत सिंह, शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित भाजपा के प्रदेश और जिले के पदाधिकारियों ने भारी संख्या में एकात्म परिसर में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री का संबोधन सुना।

### आज आएंगे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सांसद अरुण सिंह रविवार को अपने एक दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक वे सुबह आठ बजे राजधानी रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे। विमानतल से भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर आएंगे।

### 37 अधिकारियों कर्मचारियों के तबादले

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में 37 अधिकारियों-कर्मचारियों के स्थानांतरण किए गए हैं। इनमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी, राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी से लेकर राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, लेखापाल और सहायक ग्रेड-2 तक के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं।

### अमर पुनः कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन निर्वाचित

**रायपुर।** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी पुनः कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन निर्वाचित हुए हैं।



दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय बैठक में कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन हुआ। देशभर के 150 से अधिक वरिष्ठ व्यापारियों की उपस्थिति में वर्ष 2026-2028 के लिए कैट के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया।

## गैस चोरी कर टंकी में मिला रहे पानी

# एलपीजी का अवैध कारोबार बढ़ा, एजेंसी से बगैर पर्ची सिलेंडरों से भरा वाहन निकल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूरे प्रदेश में एलपीजी की किल्लत बनी हुई है, जिसके कारण घरेलू और कमर्शियल उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कई एजेंसी के संचालक अधिक मुनाफा के लालच में अवैध रूप से इसका कारोबार भी करने लगे हैं।

कई एजेंसी से बिना पर्ची काटे ही गैस सिलेंडरों से भरे छोटी वाहन निकल रहे हैं, जिसे दोगुना से भी अधिक कीमत पर होटल सहित अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बेचा जा रहा है। कई एजेंसी के संचालक इस काम के लिए बिचौलिए भी रखे हुए हैं, जो अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से गैस रीफिलिंग से लेकर सिलेंडर बेचने का अवैध व्यवसाय भी कर रहे हैं। ये बिचौलिए एजेंसियों के संपर्क में हैं। यही नहीं, गैस सिलेंडरों में अब पानी भी मिलाया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि टंकी से गैस की चोरी कर उसमें वजन के बराबर पानी मिलाकर डिलीवरी की जा रही है। हाल ही में इसका एक मामला सामने भी आ चुका है, जिसकी शिकायत खाद्य विभाग में भी की गई है।



### बगैर पर्ची के 42 सिलेंडरों से भरे वाहन पकड़े खाद्य विभाग को जानकारी दिए बगैर छोड़ दिया

खमतराई पुलिस ने 11 अप्रैल को शाम 5 बजे मोवा स्थित लालमणि इंडेन गैस एजेंसी के सिलेंडरों से भरा छोटा हाथी वाहन को पकड़ा था। उसमें 42 भरे हुए सिलेंडर थे, जिसमें करीब 32 घरेलू एवं 8 कमर्शियल सिलेंडर थे। इस वाहन चालक के पास एजेंसी द्वारा काटी गई एक भी पर्ची नहीं मिली थी। इस तरह वह अवैध रूप से सिलेंडरों को कहीं डिलीवरी करने ले जा रहा था। पुलिस वाहन को जब्ती बनाकर थाना लेकर आई। इधर अवैध सिलेंडरों से भरा वाहन जब्ती की खबर लगते ही खाद्य विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में पुलिस से संपर्क कर जानकारी भी ली थी, जिस पर पुलिस ने जब्ती का कारण भी बताया। इस पर खाद्य विभाग के अफसरों ने थाना प्रभारी से बातचीत कर बताया था कि शनिवार और रविवार छुट्टी है, इसलिए सोमवार 13 अप्रैल को विभाग के इंस्पेक्टर को जांच के लिए भेजेंगे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने सिलेंडरों से भरा वाहन छोड़ दिया। खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि इस मामले में खमतराई थाना प्रभारी को पत्र लिखा गया है और जब्त किए गए सिलेंडर एवं वाहन को छोड़ने का कारण पूछा है।

### 984 रुपए की जगह 2700 रुपए में बेच रहे

गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार करने वाले व्यवसायी कई गैस एजेंसियों के संपर्क में हैं। वे एजेंसी से 1200 से 1500 रुपए में सिलेंडर खरीदकर उसे 2100 से 2700 रुपए तक बेच रहे हैं। ऐसा ही अवैध कारोबार कुशालपुर संतोषी चौक स्थित जेके कंस्ट्रक्शन के सामने धनीराम बर्तन दुकान में चल रहा है। इस दुकान से गैस सिलेंडरों की रीफलिंग से लेकर अधिक दाम पर बेचा जा रहा है। बर्तन दुकान के संचालक ने कुछ लोगों को हायर कर रखा है, जिनका संपर्क सीधे कुछ गैस एजेंसियों के संचालकों से है। इस अवैध कारोबार का एक विडियो के साथ खाद्य विभाग में शिकायत भी हुई है। इस मामले में विभागीय अधिकारी द्वारा जांच कराकर कार्रवाई करने का दावा किया जा रहा है। इधर कुशालपुर के एक स्थानीय व्यक्ति ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया है कि बर्तन दुकान में अभी भी गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार चल रहा है।

### घरेलू सिलेंडर से निकल रहा पानी

परवेज गैस एजेंसी का कार्ड उपभोक्ता धर्मेंद्र रायपुरा इंद्रप्रस्थ फेज-2 का निवासी है। उसने 14 फरवरी को बुकिंग कराई थी, जिसकी डिलिवरी उसकी घर पर मिली थी। डिलिवरी के दौरान सिलेंडर को तौल मशीन से वजन कर नहीं दिया था। डिलिवरी मिलने के कुछ दिनों के बाद जब उसने सिलेंडर को रसोई में लगाया तो वह दो दिन में ही बंद हो गया। इसके बाद जब सिलेंडर की जांच की तो उसमें से गैस के साथ पानी निकलने लगा।

### जांच पड़ताल की जा रही

इन तीनों मामले में जांच-पड़ताल की जा रही है। एक में नोटिस भी जारी किया है। गैस सिलेंडरों के अवैध कारोबार में संलिप्त कोई भी हो, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

\- भूपेंद्र मिश्रा
खाद्य नियंत्रक रायपुर

### मामले की जानकारी नहीं

इन तीनों मामले की जानकारी नहीं है। विभाग से जानकारी मंगाता हूं। इस तरह की शिकायत आई है, तो जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

\- कीर्तिमान सिंह राठौर
अपर कलेक्टर

## आईसीएमआर के राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित होगी आंबेडकर अस्पताल में बनी सिकलसेल डायग्नोस्टिक किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल के मल्टी डिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट (एमआरयू) में खोजी गई सिकलसेल डायग्नोस्टिक किट का प्रदर्शन दिल्ली में आयोजित आईसीएमआर के "इनोवेटर्स टू इंडस्ट्री कनेक्ट" समिट में किया जाएगा। यह समिट 23 अप्रैल 2026 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा, जहां देशभर के प्रमुख बायोमेडिकल इनोवेटर्स और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव



आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के एमआरयू के वैज्ञानिकों के सिकल सेल डायग्नोस्टिक किट को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। किट की खोज एमआरयू के वैज्ञानिक डॉ. जगन्नाथ पाल, डॉ. योगिता राजपूत एवं उनकी टीम ने किया है। इस किट के अनुसंधान में एमआरयू की नोडल ऑफिसर डॉ. मंजुला बेक का विशेष सहयोग रहा है। यह किट विशेष रूप से नवजात शिशुओं में सिकल सेल एनीमिया के शीघ्र निदान तथा एंटीनेटल (गर्भावस्था के दौरान) जांच को ध्यान में रखकर विकसित की गई है। आईसीएमआर के "मेडिकल इनोवेशन पेटेंट मित्र" कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर से चयनित शीर्ष 10 तकनीकों में इस किट को स्थान मिला है। इस सूची में आईआईटी गुवाहाटी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली तथा टाटा मेमोरियल सेंटर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान भी शामिल हैं।

## चालू है गर्मी का प्रकोप, राजनांदगांव 45, रायपुर- दुर्ग में 43 डिग्री का कहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के मध्य इलाके में अभी गर्मी का प्रकोप जारी है। शनिवार को राजनांदगांव का तापमान 45 डिग्री पर पहुंच गया, वहीं दुर्ग और रायपुर में 43 डिग्री की गर्मी ने कहर बरपाया है। शहरी इलाके में दिन के साथ रात भी उबल रही है और यहां का न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री तक ज्यादा हो गया है। गर्मी से राहत और मौसम में बदलाव की संभावना अभी दिखाई नहीं पड़ रही है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक अभी सरगुजा और बस्तर में गर्मी ज्यादा असर नहीं दिखा रही है। यहां का तापमान अभी भी 40 डिग्री से नीचे है। वहां गर्मी का प्रभाव अप्रैल के अंत में नजर आने की संभावना है। प्रदेश का मध्य इलाका गर्मी की चपेट में पूरी तरह आ चुका है। इन क्षेत्रों के अधिकतम तापमान में औसतन एक डिग्री की बढ़ोतरी हो रही है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और राजनांदगांव में लू जैसे हालत बने हुए हैं। दिनभर की तेज गर्मी के बाद अब रात में राहत नहीं मिल रही है। पिछले चौबीस घंटे में शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक था।



### प्रमुख शहरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | अंतर |
|---|---|---|
| रायपुर | 43.2 | +3.8 |
| माना | 42.8 | +3.4 |
| बिलासपुर | 42.4 | +2.0 |
| पेंड्रा | 39.8 | +2.5 |
| अंबिकापुर | 39.6 | +2.6 |
| जगदलपुर | 39.8 | +2.5 |
| दुर्ग | 43.2 | +3.0 |
| राजनांदगांव | 45.0 | +4.0 |

## 'दिशा दर्शन भ्रमण' आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम : मंत्री राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल और मार्गदर्शन में संचालित "दिशा दर्शन भ्रमण" योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी रूप से आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में सूरजपुर जिले की लगभग 55 महिलाएं, जो विभिन्न महिला स्वसहायता समूहों से जुड़ी हैं, अध्ययन भ्रमण के तहत रायपुर पहुंचीं। भ्रमण के दौरान महिलाओं ने रायपुर-खरोरा स्थित सोया प्रोसेसिंग प्लांट का अवलोकन कर उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं विपणन की प्रक्रियाओं को विस्तार से समझा।

प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाओं में स्वरोजगार के प्रति नया आत्मविश्वास जागृत हुआ और उन्होंने अपने क्षेत्रों में छोटे स्तर पर प्लांट स्थापित कर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े स्वयं प्लांट परिसर में उपस्थित रहीं



और महिलाओं से सीधे संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि इच्छुक महिला स्वसहायता समूहों को सोया प्रोसेसिंग जैसे लघु उद्योग स्थापित करने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन एवं विपणन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वसहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं, बल्कि समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाते हुए अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं।




## गुणवत्ता विहीन साड़ी सप्लाई पर एजेंसियों-आपूर्तिकर्ताओं पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रबंध संचालक खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड को पत्र जारी

राज्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को वितरित की गई साड़ियों की गुणवत्ता को लेकर सामने आई शिकायतों पर छत्तीसगढ़ सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। शासन स्तर पर इसकी जांच शुरू हो गई है। संचालक, महिला एवं बाल विकास ने छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रबंध संचालक को पत्र जारी कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में साड़ी वितरण के लिए जारी किए गए क्रय आदेश के तहत कुछ जिलों से गुणवत्ता में कमी और निर्धारित मापदंडों में विचलन की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। महिला बाल विकास विभाग ने कहा है कि प्रदाय की गई साड़ियां दुर्ग, धमतरी, कबीरधाम और रायगढ़ जिलों प्रदाय की गई साड़ियों के मापदंड में कमी पाई गई। जारी पत्र के आधार पर मामले की जांच के लिए पांच सदस्यों की समिति बनाई गई है। समिति में महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक दिलदाल सिह मरावी को अध्यक्ष बनाया गया है। अन्य सदस्यों में गांधी भारद्वाज संयुक्त संचालक, मुक्ता नंद खुंटे उप संचालक भंडार, उप संचालक बीडी पटेल, शिव सोनी सहायक संचालक और शुचि सुल्तानिया चावड़ा लेखाधिकारी को सदस्य बनाया गया है।

**कार्रवाई सुनिश्चित करें :** विभागीय स्तर पर गठित जांच समिति द्वारा किए गए परीक्षण में कुछ स्थानों पर मानकों से विचलन की पुष्टि भी हुई है। इसके बाद अब मामले में कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।













# अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जी जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं...


"क्षत्रियकुलदर्पघ्नं परशुरामं नमाम्यहम्
धर्मरक्षकं वीरं ब्रह्मतेजः समन्वितम्॥"



## परशुराम शब्द का अर्थ

परशुराम दो शब्दों से मिलकर बना हुआ है, परशु अर्थात "कुल्हाड़ी" तथा "राम" इन दो शब्दों को मिलाने पर "कुल्हाड़ी के साथ राम" अर्थ निकलता है, जैसे राम, भगवान विष्णु के अवतार हैं, उसी प्रकार परशुराम भी विष्णु के अवतार हैं. इसलिए परशुराम को भी विष्णुजी तथा रामजी के समान शक्तिशाली माना जाता है।

परशुराम के अनेक नाम हैं, इन्हें रामभद्र, भार्गव, भृगुपति, भृगुवंशी (ऋषि भृगु के वंशज), जमदग्न्य (जमदग्नि के पुत्र) के नाम से भी जाना जाता है। भगवान परशुराम हिंदू धर्म में विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। वे एक महान योद्धा, ब्राह्मण और तपस्वी थे। परशुराम का जन्म धर्म की रक्षा और अधर्म के नाश के लिए हुआ था। विशेष रूप से वे अत्याचारी क्षत्रियों का नाश करने के लिए प्रसिद्ध हैं, जिन्होंने उस समय अत्याचार और अन्याय फैलाया था।


























# गणेश नगर, चंडीनगर, आमासिवनी, भवानी नगर, मोवा और कापा में जलसंकट, रहवासियों ने घेरा जोन कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में बढ़ते जलसंकट को लेकर जोन 9 क्षेत्र के चंडीनगर, गणेश नगर, आमासिवनी, भवानी नगर, दुबे कालोनी मोवा, कांपा सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों के रहवासियों ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन के नेतृत्व में मोतीलाल नेहरू वार्ड के छाया पार्षद गावेश साहू, कांग्रेसी नेता पंकज शर्मा की उपस्थिति में स्थानीय लोगों ने मोवा स्थित जोन कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है बार-बार शिकायत के बाद भी निगम प्रशासन जल संकट का स्थायी समाधान नहीं निकाल पाया। भुक्तभोगियों ने जल संकट के प्रति जोन के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराने मटका लेकर जोन 9 कार्यालय का घेराव किया।

दरअसल, चंडीनगर, गणेश नगर, मोवा क्षेत्र के दुबे कालोनी, अशोका इंप्रेशन में सैकड़ों परिवार जल संकट से जूझ रहे हैं। नलों में पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी नहीं पहुंच रहा है। बोरवेल सूख गए हैं इसके चलते लोगों को पानी टैंकर के भरोसे रहना पड़ रहा है। कांपा, नहरपारा, डबरीपारा इलाके में एक माह पानी की आपूर्ति ठप होने से लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली।



## पानी का संकट इन वार्डो में भी बोरवेल का लेवल डाउन, टैंकर भरोसे रहवासी

**डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड :** दुबे कालोनी मोवा में 3 बोरवेल सूख गए हैं, प्रभावित बस्ती में जल संकट की समस्या को देखते हुए वार्ड पार्षद मोहन कुमार साहू ने जोन 9 से पानी टैंकर की व्यवस्था कराई है। इसके साथ कांपा में भी कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है।

**शंकर नगर वार्ड -** गीतांजलि नगर सेक्टर 1,2,3 में लगाए गए बोरवेल तेज गर्मी के चलते सूख गए, वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता का कहना है इसके अलावा न्यू शांतिनगर क्षेत्र, गोरखा कालोनी में पानी का संकट होने से 5 पानी टैंकर उपलब्ध कराने की मांग जोन 3 से की है। लेकिन जोन वाले केवल एक टैंकर दे रहे हैं जो कि पानी की मांग को देखते हुए बहुत कम है। वार्ड में 6 जगह पर नए बोरवेल खनन की मांग की है, पर अभी तक एक भी जगह बोरवेल खनन नहीं हुआ है।

**पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड -** वार्ड के विवेकानंद नगर, सतबहिनिया मंदिर के पास लगाए गए बोर ने काम करना बंद कर दिया है। कटोरातालाब के पास दयानंद नगर, शैलेंद्र नगर के बोर में पानी नहीं आने से पानी की किल्लत से लोग बेहद परेशान हैं। एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी ने वार्ड में 8 स्थानों पर बोर खनन के लिए नगर निगम के जल विभाग को 30 जनवरी को पत्र दिया, पर अब तक इस ओर ध्यान नहीं देने से पानी का संकट गहरा गया है।

### इंदिरा गांधी वार्ड- 3 जगह बोरवेल सूखे

हैदरी मस्जिद के पास और जोरा पारा तथा सिंधी स्कूल के पास लगाए गए बोर का जलस्तर गिरने से पानी की समस्या बनी हुई है। वार्ड पार्षद अवतार बागल ने बताया कि इनमें से 2 जगह के मोटर जल गए हैं, मोटर बदलने कहा गया है। इसी तरह गुरु गोविंद सिंह वार्ड में आधा दर्जन से ज्यादा इलाके जल संकट से प्रभावित हैं, उनमें पंडरी स्थित बेहरा कालोनी, शीतला कालोनी, झंडा चौक, खादी भंडार के पास पुराना रोजगार कार्यालय वाला क्षेत्र, जगन्नाथ नगर, इमाम बाड़ा, भूतेश्वर मंदिर, कालीनगर, सिद्दिकी गली, पटवारी गली। प्रभावित इलाकों के बोर सूखने और नलों में पानी का प्रेशर कम आने से लोग परेशान हैं।

# तीन दिन में 13,937 नागरिकों ने पूरी की स्व-गणना प्रक्रिया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित जनगणना 2027 के अंतर्गत शुरू की गई डिजिटल स्व-गणना प्रक्रिया के ताजा आंकड़ों के अनुसार अब तक राज्य में 13,937 नागरिकों ने स्व-गणना की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है। वहीं 6,188 लोगों ने पंजीकरण कर प्रक्रिया प्रारंभ की है, परंतु अभी उसे पूर्ण नहीं किया है। कुल 20,125 नागरिक स्व-गणना पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं, जो इस डिजिटल पहल के प्रति बढ़ते विश्वास और जागरूकता को दर्शाता है। भारत सरकार के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान का उद्देश्य आगामी दशक के लिए सटीक और विश्वसनीय सामाजिक-आर्थिक डेटा तैयार करना है। जनगणना 2027 के इस चरण में नागरिकों को पहली बार स्व-गणना का विकल्प प्रदान किया गया है, जिससे वे अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं।

**ये जानकारी देनी होगी :** डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया को अत्यंत सरल, सुरक्षित और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाया गया है। नागरिकों को पोर्टल पर अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से प्रमाणीकरण करना होता है। इसके पश्चात परिवार के मुखिया द्वारा आवास की स्थिति, पेयजल के स्रोत, ऊर्जा के साधन तथा परिवार के सदस्यों के व्यक्तिगत विवरण जैसे नाम, आयु, लिंग, वैवाहिक स्थिति, शिक्षा और व्यवसाय से संबंधित जानकारी दर्ज की जाती है। प्रक्रिया पूर्ण होने पर एक डिजिटल संदर्भ संख्या (सीआरएन) प्राप्त होती है, जिसे भविष्य में सत्यापन के समय प्रगणकों को प्रस्तुत करना होगा, जिससे डेटा मिलान का कार्य त्वरित और त्रुटिरहित तरीके से किया जा सके।










# संदिग्ध क्लेम के निपटारे में उत्कृष्ट प्रदर्शन, पीएमजेएवाय में छत्तीसगढ़ को दो प्रतिष्ठित पुरस्कार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के संदिग्ध क्लेम के निपटारे सहित प्रभावी संचालन, सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था तथा पारदर्शी क्लेम प्रबंधन प्रणाली के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर दो प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह सम्मान निरंतर सुधार की दिशा में हो रहे प्रयासों का परिणाम है। भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने 17 एवं 18 अप्रैल को पुणे में आयोजित चिंतन शिविर में देश के सभी राज्यों को आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य को योजना के प्रभावी संचालन के लिए पहला पुरस्कार हाई ट्रिगर एफिकेसी यानी संदिग्ध क्लेम की पहचान एवं उनके प्रभावी विश्लेषण में उल्लेखनीय दक्षता प्रदर्शित करने। उन्नत आईटी आधारित मॉनिटरिंग प्रणाली तथा सुदृढ़ ऑडिट व्यवस्था के माध्यम से अनियमितताओं की समयबद्ध पहचान सुनिश्चित करने के लिए दिया गया। वहीं दूसरा पुरस्कार टाइमली प्रोसेसिंग ऑफ सस्पेसियस क्लेम्स यानी संदिग्ध दावों के त्वरित निपटान में उत्कृष्ट प्रदर्शन और निर्धारित समय-सीमा के भीतर क्लेम की जांच, निर्णय एवं निष्पादन सुनिश्चित कर पारदर्शिता एवं जवाबदेही को मजबूत करने के लिए दिया गया। राज्य में क्लेम ऑडिट तंत्र को सशक्त बनाने, ट्रिगर-आधारित निगरानी प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने तथा अस्पतालों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के कारण संदिग्ध प्रकरणों के निराकरण में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। इसके परिणामस्वरूप क्लेम प्रोसेसिंग की गुणवत्ता में वृद्धि हुई है तथा अनावश्यक विलंब में कमी आई है, जिससे योजना के लाभार्थियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि "यह सम्मान छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य तंत्र की प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और निरंतर सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है।

■ निरंतर सुधार की दिशा में हो रहे प्रयास का परिणाम : जायसवाल

आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से हम प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं। यह पुरस्कार हमारे स्वास्थ्यकर्मियों, प्रशासनिक टीम और सहयोगी संस्थानों के सामूहिक प्रयास का प्रतिफल है। हम भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते रहेंगे।"

# डामर का रेट हुआ दोगुना, ठेकेदार एग्रीमेंट करने से पीछे हट रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें बढ़ने से डामर की कीमत दोगुनी हो गयी है। पूर्व में 50 हजार रुपए टन में मिलने वाला डामर वर्तमान में 98 हजार रुपए टन पर पहुंच गया है।

डामर की बढ़ती कीमत से परेशान ठेकेदार पूर्व में लिए गए टेंडर का एग्रीमेंट नहीं कर रहे हैं। इससे सड़क निर्माण का काम पूरी तरह से ठप पड़ गया है। छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बीरेश शुक्ला ने राज्य सरकार से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय की तरह रेट रिवाइज कर राहत देने मांग की है। उल्लेखनीय है कि मटेरियल के बढ़ते दामों के कारण निर्माण कार्य प्रभावित होने पर पिछले दिनों छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन की कोर कमेटी की बैठक हुई थी, जिसमें कांट्रेक्टरों ने चेता दिया था कि करोड़ों रुपए के निर्माण कार्यों की निविदाएं पूरी हो चुकी हैं, लेकिन मटेरियल के दाम डेढ़ गुना तक बढ़ जाने के कारण ठेकेदार एग्रीमेंट करने से बच रहे हैं। इसके साथ ही नए टेंडर में ठेकेदार शामिल नहीं हो रहे, इस कारण टेंडर की तारीख बढ़ाई जा रही है।

■ कांट्रैक्टर एसोसिएशन ने शासन से राष्ट्रीय राजमार्ग की तरह रियायत देने की मांग की

### टेंडर शर्तों से डेढ़ गुना तक बढ़ोतरी एक नजर में

| सामग्री | पहले और | अब |
|---|---|---|
| स्टील | 5500 रुपए क्विं | 68 00 क्विं |
| सीमेंट | 260 रुपए बोरी | 300 रुपए बोरी |
| डामर | 50 प्रति टन 50 हजार | 98 हजार टन |
| एल्यूमिनियम पार्ट | 320 रुपए किलो | 450 रुपए किलो |
| गिट्टी | 22 रुपए फीट | 40-42 रुपए फीट |

